





## एक नजर में

### जिलाबदर बदमाश शुजालपुर में पकड़ाया



**शुजालपुर, 2 जुलाई.** जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन कर शुजालपुर शहर में घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है. पुलिस के अनुसार थाना शुजालपुर सिटी की टीम कस्बा भ्रमण पर थी. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी राहुल जाटव निवासी रायकनपुरा पचोर रोड न्यू बायपास पर मौजूद है. सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. जांच में सामने आया कि जिला दंडाधिकारी शाजापुर द्वारा 15 दिसंबर 2025 को जारी आदेश के तहत राहुल जाटव को एक वर्ष के लिए शाजापुर सहित सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ और सीहोर की सीमाओं से जिलाबदर किया गया था. इसके बावजूद वह शुजालपुर में पाया गया. आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### शुजालपुर की सलोनी नारंग धाकड़ का मिसेज इंडिया के लिए चयन



**शुजालपुर, 2 जुलाई.** शुजालपुर की बेटी एवं बहू सलोनी नारंग धाकड़ का प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया 2026 सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. वे 12 से 18 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी. उनकी इस उपलब्धि से शुजालपुर सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है. सलोनी का सौंदर्य प्रतियोगिताओं का सफर वर्ष 2016 में मिस इंदौर का खिताब जीतने से शुरू हुआ. इसके बाद वर्ष 2017 में उन्होंने मिस मध्य प्रदेश का ताज अपने नाम किया. वर्ष 2018 में मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ छायाचित्र व्यक्तित्व मिस फोटोजेनिक का सम्मान प्राप्त करने के साथ ही शीर्ष 10 प्रतिभागियों में स्थान बनाया. मॉडलिंग के क्षेत्र में उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित परिधान डिज़ाइनरों के साथ रैंप पर प्रस्तुति दी और फोटो सत्र किए.

**विवाह और मातृत्व के बाद भी नहीं छोड़ा सपना**

विवाह और मातृत्व के बाद भी सलोनी ने अपने सपनों को जीवित रखा. पांच वर्षीय बेटी की मां होने के बावजूद उन्होंने यह साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है. उनका उद्देश्य केवल मिसेज इंडिया का ताज जीतना नहीं, बल्कि उन विवाहित महिलाओं और माताओं को प्रेरित करना भी है, जिन्होंने जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों को पीछे छोड़ दिया. सलोनी नारंग धाकड़ ने अपनी सफलता का श्रेय दोनों परिवारों, शुभचिंतकों और सहयोगियों को दिया. उन्होंने कहा मैं पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करूंगी .मेरी सबसे बड़ी जीत वह होगी, जब मेरी बेटी गर्व से कहे मेरी मम्मा ने कभी हार नहीं मानी. सलोनी की सफलता यह संदेश देती है कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती. यदि परिवार का सहयोग, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प साथ हो तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है. अब शुजालपुर और मध्य प्रदेश की उम्मीदें जयपुर में होने वाली मिसेज इंडिया 2026 प्रतियोगिता से जुड गई हैं, जहां सलोनी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी.

### आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया प्रवेश उत्सव



**शुजालपुर, 2 जुलाई.** शहर के वार्ड क्रमांक 20 फर्स्ट स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पंजीयन कर उनका प्रवेश कराया गया तथा अभिभावकों को शाला पूर्व शिक्षा एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई .कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक खुमान सिंह मालवीय थे. अध्यक्षता वार्ड पार्षद नितेश मालवीय ने की. इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका निशा कवीश्वर, प्रभारी परियोजना अधिकारी ममता परमार, एफएलएन शिक्षिका सविता पाटीदार सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे. अतिथियों ने स्लेट एवं कलम पूजन कर बच्चों का स्वागत किया और उन्हें स्लेट वितरित की. इस दौरान अभिभावकों को वर्कबुक, मासिक थीम, दैनिक गतिविधियों, मंगल दिवस, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी दी. साथ ही बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजने का आग्रह किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि खुमान सिंह मालवीय ने आंगनवाड़ी केंद्र के लिए एक पंखा भेंट किया. कार्यक्रम का आभार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुशवाहा ने व्यक्त किया. कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्था में सहायिका बसंती ठाकुर एवं सदस्य शिवानी सिसोदिया का सहयोग रहा.

### डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब ने चिकित्सकों का किया सम्मान



**मक्सी, 2 जुलाई.** डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब मक्सी द्वारा एनकॉन इंडिया पोल्स प्रा .लि परिसर में नगर के चिकित्सकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया. क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन मयंक काबरा ने अपने द्वितीय कार्यकाल की शुरुआत इस सेवा कार्यक्रम से की. समारोह में सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे सहित जिले के वरिष्ठ चिकित्सक, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे. इस दौरान सीएमएचओ डॉ .कमला आर्य, उनकी टीम तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे का भी सम्मान किया गया. क्लब अध्यक्ष लायन मयंक काबरा, सचिव लायन श्रीधर माहेश्वरी एवं अन्य पदाधिकारियों ने चिकित्सकों को माला पहनाकर और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया. अपने संबोधन में मयंक काबरा ने कहा कि चिकित्सक मानव सेवा के सबसे बड़े प्रहरी हैं तथा लायंस क्लब आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में सेवा कार्य करता रहेगा. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव श्रीधर माहेश्वरी ने किया. समारोह में नगर के अनेक चिकित्सकों एवं क्लब सदस्यों की उपस्थिति रही.

# नहीं सुधर रही सांदीपनि विद्यालय की वाहन व्यवस्था

## लगातार तीसरे दिन परेशान हुए छात्र-अभिभावक, बेरछा रोड पर किया चक्काजाम का प्रयास



**शाजापुर । दूर-दूर से सांदीपनि विद्यालय में पढ़ने आने वाले बच्चों के लिए शिक्षा विभाग वाहन व्यवस्था सुचारू नहीं करवा पा रहा है. दो दिन पहले भी व्यवस्थ बिगड़ने से बच्चों को ट्रैक्टर ट्राली ओर अन्य वाहनों से जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ा था. दूसरे दिन भी विद्यार्थियों को जगह न होने का हवाला देकर बस में नहीं बैठाया जा रहा था. वहीं गुरूवार को भी बच्चों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन स्कूल बस ही लेने नहीं पहुंची. जिसके चलते नाराज अभिभावकों व बच्चों ने चक्काजाम का प्रयास किया.**

अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीण माने और स्कूल बस पहुंचने के बाद बच्चे स्कूल पहुंच सके. जब ग्रामीण चक्काजाम कर रहे थे उसी समय बेरछा रोड से गुजर रहीं शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले ने प्रदर्शनकारियों से बात की और उन्हें समझाया. उन्होंने तत्काल बस भिजवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब 11.30 बजे बस पहुंची. बच्चों को स्कूल भेजा गया और स्थिति सामान्य हो सकी. अधिकारियों द्वारा अभी तक भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया जा सका है, क्योंकि गुरूवार को भी कई जगह बच्चे बस का इंतजार करते नजर आए. नगर के गांधीहाल, महूपुरा चौराहा पर बच्चे बसों का इंतजार करते रहे. लेकिन बस के नहीं पहुंचने से कुछ बच्चे घर लौट गए तो कुछ लिफ्ट लेकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हुए तो कई बच्चों को उनके अभिभावकों ने स्कूल पहुंचाया.

### ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी...

ग्रामीण क्षेत्रों में सांदीपनि विद्यालय की वाहन व्यवस्था की और हालत खस्ता है, ग्रामीणों की माने तो पिछले दो दिनों से बच्चों को बस नहीं मिल रही थी. उन्होंने बताया कि बस में जगह नहीं होने का हवाला देकर उनके बच्चों को छोड़ दिया जाता है, जबकि अन्य छात्रों को बैठा लिया जाता है. बच्चे सुबह 9 .30 बजे से बस का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बस उन्हें लिए बिना ही निकल गई. जिसके चलते गुरूवार को उनके सब्र का बांध टूट गया और वे सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए.

### 11 बसों के भरोसे 2800 बच्चों की जिम्मेदारी

सांदीपनि स्कूल में पहले लगभग 1200 विद्यार्थी थे, इसके बाद 20 स्कूलों के विलय के बाद विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 2600 से 2800 हो गई है. वर्तमान में केवल 11 बसों के संचालन से परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है. हालांकि मामले को लेकर शिक्षा विभाग के सहायक संचालक राजेंद्र शिप्रे ने बताया कि बढ़ी हुई छात्र संख्या को देखते हुए तीन अतिरिक्त बसों की स्वीकृति मिल चुकी है. इन बसों का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा. इसके अतिरिक्त राज्य स्तर पर 18 और बसों की मांग भेजी गई है, जिनकी स्वीकृति मिलते ही नई बसें उपलब्ध कराई जाएंगी.

### भाजपा मंडल की बैठक

**सुसनेर ।** सोयत रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को सुसनेर भाजपा मंडल की अतिमहत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉ.सौरभ जैन ने की. बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी आभा चौपड़ा रही. विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष द्वय सजन सिंह कलारिया, डॉ.गजेन्द्रसिंह चन्द्रावत, किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मणसिंह कांवल, मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला, वरिष्ठ नेता डॉ.धीरेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे. पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि ष्आज का युग डिजिटल युग है. सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग कर सरकार की उपलब्धियों को शेयर करें. मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी आभा चौपड़ा ने कहा कि युवाओं व नए कार्यकर्ताओं को संगठन का इतिहास समझाने के लिए डिजिटल लर्निंग का अभियान चलाया गया है. उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया.

## जमीन विवाद में छह लोगों ने बुजुर्ग पर किया जानलेवा हमला

**शुजालपुर, 2 जुलाई. थाना शुजालपुर सिटी क्षेत्र के ग्राम खेड़ी मंडलखा में पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर 60 वर्षीय बुजुर्ग पर छह लोगों द्वारा कुल्हाड़ी, सरिया और लकड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है. गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को पहले शुजालपुर अस्पताल और बाद में जिला अस्पताल शाजापुर रेफ र किया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार ग्राम खेड़ी मंडलखां निवासी सत्तार खां पुलिस को दिए बयान में बताया कि 1 जुलाई की दोपहर करीब 3.30 बजे वह मंडलखा से अपने गांव लौट रहे थे. सरकारी स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर अमजद खा और आशीक खा ने उन्हें रोक लिया. दोनों ने पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर अमजद खा ने कुल्हाड़ी से उनके बाएं पैर पर वार कर दियाए जबकि आशीक खा ने सरिए से बाएं हाथ की कोहनी पर हमला कर दिया. इसी दौरान काले उर्फ फुल खां और शकील खां, शाकीर खा और अकील उर्फ छोटा भी वहां पहुंचे और दोनों ने सत्तार खा के साथ मारपीट की. मारपीट के दौरान सत्तार खा का पुत्र शफीक खां बीच-बचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी लकड़ी से मारपीट कर दी. घायल सत्तार खा को परिजन शासकीय अस्पताल शुजालपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया. अस्पताल में पुलिस ने बयान दर्ज किए. थाना सिटी पुलिस ने अमजद खा, आशीक खां, काले उर्फ फूल खां, शकील, शाकीर तथा अकील सभी निवासी ग्राम खेड़ी मंडलखां के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया.

### स्टेट हाईवे 41 पर वेन व बाइक में हुई भिड़ंत

**शाजापुर, 2 जुलाई.** स्टेट हाईवे 41 पर गुरूवार दोपहर को भीषण सड़क हादसा हो गया. जब एक वेन व बाइक की टक्कर हो गई. हादसे में बाइक सवार युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. जबकि वेन के चालक को गंभीर चोंट आई, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की बाइक भी चकनाचूर हो गई. घटना दोपहर करीब 2 बजे हुई, मृतक गोदना निवासी 24 वर्षीय अरुण सिंह पिता महेश राजपूत सारंगपुर से अपने घर लौट रहा था. लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया. इधर टक्कर के बाद वेन चालक प्रहलाद सिंह पिता गणपत सिंह 40 निवासी मुंदीखेड़ी आष्टा से चौमा की ओर जा रहे थे. हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई. स्थानीय लोगों और डायल 112 की टीम ने दोनों घायलों को तुरंत सारंगपुर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां जांच के बाद अरुण सिंह को मृत घोषित कर दिया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा. वहीं प्रहलाद सिंह का इलाज जारी है.

## स्कूल परिसर में घुसा दुर्लभ वन्यजीव सेही

### वन विभाग ने सुरक्षित किया रेस्क्यू, सुरक्षित स्थान पर भेजा



**शुजालपुर । शहर के टैलेंट एकेडमी विद्यालय परिसर में दुर्लभ वन्यजीव सेही साही दिखाई देने से कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया. स्कूल स्टाफ ने जानवर को देखकर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग एवं वन्यप्राणी रेस्क्यू एक्सपर्ट हसीब पठान को दी. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित तरीके से सेही का रेस्क्यू कर उसे वन क्षेत्र में छोड़ दिया.**

जानकारी के अनुसार शाजापुर जिला वनविहीन होने के बावजूद यहां समय-समय पर दुर्लभ वन्यजीवों की मौजूदगी सामने आती रही है. इसी क्रम में टैलेंट एकेडमी विद्यालय के एक कक्ष में सेही दिखाई दिया. किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी. वन्यप्राणी रेस्क्यू एक्सपर्ट हसीब पठान ने बताया कि सेही जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में सीढ़ी के नाम से भी जाना जाता है, एक दुर्लभ शाकाहारी वन्यजीव है. यह सामान्यत: शांत और डरपोक स्वभाव का होता है, लेकिन खतरा महसूस होने पर अपने शरीर के कांटेदार बाल फैलाकर आत्मरक्षा करता है, इसके नुकीले कांटे शिकारियों से बचाव का प्रमुख साधन होते हैं. वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक सेही का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया. इस कार्रवाई में वन्यप्राणी रेस्क्यू एक्सपर्ट हसीब पठान, शुजालपुर रेंजर कन्हैयालाल भिलाला, बीट प्रभारी देवेंद्र मगोरिया, वनरक्षक प्रदीप विश्वकर्मा, अजय देशमुख तथा विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा.

### सांदीपनि स्कूल में 5वीं के छात्र का हाथ टूटा

**शाजापुर, 2 जुलाई.** लालघाटी स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि स्कूल में गुरुवार दोपहर खेलते समय एक छात्र गंभीर घायल हो गया. कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले सनकोटा निवासी छात्र राघव का हाथ कक्षा के अंदर लगी घूमने वाली गोल टेबल प्ले उपकरण में फंस गया, जिससे उसका हाथ टूट गया. हादसे के बाद स्कूल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई. नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी घटना के दौरान स्कूल का निरीक्षण कर रही थी. घटना के तुरंत बाद विद्यालय में मौजूद शिक्षकों ने घायल छात्र राघव को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया.

## दिलीप आरोल जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद में सदस्य मनोनीत

**मक्सी, 2 जुलाई. प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अनुशंसा पर मक्सी के युवा नेता दिलीप आरोल को जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है.**

कलेक्टर जिला शाजापुर ऋिजु बाफ्ना द्वारा जारी आदेश में यह नामांकन किया गया एवं उपभोक्ता संरक्षण परिषद में दिलीप आरोल को परिषद में सदस्य बनाया गया है. जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद का मुख्य कार्य उपभोक्ताओं को सुरक्षा, सूचना, सुनवाई एवं क्षतिपूर्ति के अधिकार के प्रति जागरूक करना है. परिषद बाजार में माप तौल में गड़बड़ी, मिलावट, ओवर बिलिंग एवं भ्रामक विज्ञापनों पर निगरानी रखती है. साथ ही उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 का प्रचार प्रसार भी करती है. मक्सी से युवा चेहरे को परिषद में स्थान मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि दिलीप आरोल के मनोनयन से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता को नई दिशा मिलेगी. आरोल ने जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे एवं विधायक अरुण भीमावद का आभार प्रकट किया.

## कूडो की खिलाड़ी अनुज्ञा को किया सम्मानित

**शाजापुर, 2 जुलाई. सीजीएसटी डे का आयोजन रविंद्र भवन भोपाल में बुधवार को आयोजित किया गया. जिसके मुख्य अतिथि के तौर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल उपस्थित थे.**

यह कार्यक्रम जीएसटी एवं सेंट्रल एक्साइज मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ जोन चीफकमिश्नर मानस रंजन मोहंती एवं प्रिंसिपल कमिश्नर एमपद्मश्री के निर्देशन में हुआ. इस अवसर पर जीएसटी डिपार्टमेंट के कई अफसर को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अनुज्ञा शर्मा को भी कूडो खेल में मेडल अर्जित करने एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मानस रंजन मोहंती, श्रीमती एम पद्मश्री द्वारा सम्मानित किया गया.

### रेत खनन कार्य प्रतिबंधित

**शाजापुर, 2 जुलाई.** मप्र में वर्षा ऋतु के लिए मानसून सत्र की अवधि 15 जून से 1 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के आदेशानुसार जिला खनिज अधिकारी ने शाजापुर जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानसून सत्र तक खनन के लिए 30 जून मध्य रात्रि के पश्चात से 1 अक्टूबर तक समस्त रेत खदानों पर रेत खनन पूर्णत: प्रतिबंधित किया है.

## नि : शुल्क टीबी जांच शिविर लगेगा 8 जुलाई तक

### सिविल अस्पताल में किया रहा आयोजन, एक्सरे की सुविधा भी नि :शुल्क

**सुसनेर, 2 जुलाई. सिविल अस्पताल सुसनेर में टीबी के संभावित मरीजों के लिए विशेष जांच शिविर लगाया जा रहा है. बीएमओ डॉ. बीबी पाटीदार के अनुसार 2 जुलाई से 8 जुलाई तक अस्पताल में नि:शुल्क जांच एवं एक्सरे की सुविधा उपलब्ध रहेगी.**

डॉ. पाटीदार ने बताया कि यदि परिवार में किसी व्यक्ति को 15 दिनों से अधिक की खांसी होना, लंबे समय से बुखार आना, शरीर का वजन कम होना, भूख कम लगना, खंखार में खून आना, सीने में दर्द आदि लक्षण हो तो वह तुरंत अपनी जांच कराएं. इस प्रकार के लक्षण वाले व्यक्तियों और उनके संपर्क में रहने वाले लोगों की सिविल अस्पताल सुसनेर में विशेष जांच की जाएगी. एक्स रे एच एच मशीन द्वारा नि:शुल्क एक्स रे भी किया जाएगा. जांच के लिए सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक अस्पताल पहुंचकर अपनी जांच अवश्य कराए. बीएमओ की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि टीबी के लक्षण दिखने पर लापरवाही न बरतें. समय पर जांच और इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है. नागरिकों से इस नि:शुल्क सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है.

## वीवी रामजी योजना ग्रामीण विकास के नए युग की शुरुआत

### विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण का जिला स्तरीय शुभारंभ



**आगर मालवा, 2 जुलाई. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम का जिला स्तरीय शुभारंभ लॉन्चिंग कार्यक्रम गुरुवार को जनपद पंचायत बड़ौद की ग्राम पंचायत पिपलियाचाचा के ग्राम देहरिया नाना में आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मधु गहलोत, एव जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरू सिंह चौहान, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, जॉबकार्डधारी श्रमिकों, ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों, रोजगार सहायकों एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट तल्लीनता से देखा और योजना के उद्देश्यों को समझा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मधु गहलोत एवं जिला अध्यक्ष ओम मालवीय और भैरू सिंह चौहान द्वारा ग्राम देहरिया नाना में सुगम संपर्क सड़क का भूमि पूजन कर कार्य का गेंती चलाकर शुभारंभ किया गया. मुख्य अतिथि विधायक मधु गहलोत ने योजना के शुभारंभ को ग्रामीण विकास हेतु नए युग की शुरुआत बताया. जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने नई योजना को ग्रामीण विकास की अनिवार्य आवश्यकता के रूप में परिभाषित किया.

**एक नजर में** — न्यायालय, विद्यालयों और शासकीय संस्थानों में जिला पुलिस का व्यापक सायबर जनजागरूकता अभियान

# सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत साइबर जागरुकता अभियान चलाया




**आगर मालवा , 2 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय सैफ क्लिक 2.0 सुरक्षित क्लिक सुरक्षित जीवन अभियान के आठवें दिवस पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन में जिलेभर में विद्यालयों, न्यायालय परिसर एवं विभिन्न शासकीय संस्थानों में व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.**

अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं आमजन को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा. इसी क्रम में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा ने जिला न्यायालय आगर मालवा में आयोजित विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन अधिकारियों कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध लगातार नए स्वरूप में सामने आ रहे हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को तकनीक का उपयोग पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए. उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी न्यायालय अथवा पुलिस अधिकारी बनकर की जाने वाली ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक एवं ओटीपी साझा करने के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर बिना विलंब 1930 पर कॉल करें अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें. कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाफ ने भी साइबर जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए आमजन तक यह संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया. जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई. थाना बड़ौद एवं थाना कानड़ द्वारा शासकीय कन्या विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं विद्यालयीन स्टाफ को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी देने के साथ साइबर शपथ दिलाई गई. थाना सोयतकलां द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय डोंगरगांव में थाना प्रभारी ने छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को अभियान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. थाना सुसनेर द्वारा एक्सीलेंस स्कूल में लगभग 300 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर शपथ दिलाकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. अजाक थाना द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयए दरबार कोठी में विद्यार्थियों एवं विद्यालयीन स्टाफ को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई, जबकि चौकी बड़ागांव द्वारा शांति विद्या निकेतन, बड़ागांव में विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया.